इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चॉदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर
INDORE SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT, INDORE (MP)
Phone : 0731-2802554/2806350 Fax No. 0731- 2802559/2806221
I.S.D.S

No क्रं. 3466/क्षें.सं./T-3(V)/ इसदुसं/2025 दिनांक 25 AUG 2025

## दुग्ध संकलन परिवहन एवं यात्री बस वाहन ई–निविदा सूचना

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के विभिन्न दुग्ध शीतकेन्द्रों/बीएमसी मार्गो हेतु दिनांक 01.11.2025 से 31.10.2028 की अवधि तक एवं यात्री बस के लिए Online ई–निविदा के माध्यम से बिड आंमत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत होने पर निविदा अवधि पूर्ण होने, कार्य सन्तोषप्रद होने एवं वाहनो की स्थिति संतोषप्रद पाये जाने पर अधिकृत समिति की अनुशंसा पश्चात् एक–एक वर्ष करके अनुबंध अवधि में अतिरिक्त दो वर्ष तक की वृद्धि पूर्व में अनुमोदित दरों एवं शर्तो पर की जा सकेगी। वाहन मॉडल 2020 या उसके बाद का होना चाहिए।

| क्र | दुग्ध संयंत्र/शीतकेन्द्र एवं संबंधित का नाम जिनके लिए वाहन/समकक्ष वाहन की आवश्यकता है। | मार्गो पर आमंत्रण क्र. | मार्ग संख्या | ई-निविदा प्रस्तुत करने का अन्तिम दिनांक/समय | ई-निविदा अंतर्गत अनुबंध अवधि | तकनीकी बिड खोलने का दिनांक/समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- चापड़ा/ RMRD/ फूलगावड़ी/आम्बुआ/ बड़वानी/ खरगोंन से संबंधित मार्ग | एकादश आमंत्रण | 14 | दिनांक 15.09.2025 दोपहर 03:00 बजे तक | दिनांक 01.11.2025 से 31.10.2028 | दिनांक 16.09.2025 दोपहर 04:00 बजे,कार्यालय इन्दौर सह. दुग्ध संघ मर्या. मांगलिया, इन्दौर |
| 2 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- RMRD/खरगोन से संबंधित मार्ग | सप्तम आमंत्रण | 03 | | | |
| 3 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- RMRD से संबंधित मार्ग | चतुर्थ आमंत्रण | 03 | | | |
| 4 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- RMRD/कन्नौद से संबंधित मार्ग | तृतीय आमंत्रण | 02 | | | |
| 5 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- RMRD से संबंधित मार्ग | द्वितीय आमंत्रण | 01 | | | |
| 6 | मुख्य संयंत्र/मिनी डेयरी प्लाण्ट/शीतकेन्द्र :- RMRD/सोनकच्छ, टोंकखुर्द, कन्नौद, फूलगावड़ी, पेटलावद, झाबुआ, खण्डवा, बड़वानी, सेंधवा से संबंधित मार्ग | प्रथम आमंत्रण | 23 | | | |
| 7 | यात्री बस हेतु | षष्टम आमंत्रण | 01 | | | |

1. वाहन हेतु निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (निविदा कार्यक्रम/मार्गो की विस्तृत जानकारी/अनुबंध की शर्ते/नियम) मध्यप्रदेश स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड, भोपाल की वेबसाईट www.sanchidairy.com व http://www.mptenders.gov.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. निविदा में सम्मिलित होने के लिए निश्चित राशि के भुगतान उपरान्त ही ई–निविदा में भाग लिया जा सकेगा।
3. डिजीटल साईन हेतु मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक डवलपमेंन्ट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल से टोल फ्री नम्बर 18002588684 पर संपर्क करें।

समस्त निविदाऐं या किसी एक निविदा को निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

<u>**निविदा प्रपत्र विक्रय मूल्य रू. 500/-**</u>

## -: निविदा प्रपत्र :-

<u>निविदा कार्यः-</u>

1. इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों/कृषकों को **गुजरात राज्य का 10 दिवसीय भ्रमण** के लिये यात्री बस की षष्टम ई-निविदा।

| | |
|---|---|
| **<u>ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय</u>** | : **15.09.2025**/दोपहर 03:00 बजे तक |
| **<u>तकनीकी बिड खोले जाने की दिनांक एवं समय</u>** | : **16.09.2025**/दोपहर 4.00 बजे |
| **<u>तकनीकी बिड खोले जाने का स्थान</u>** | : कार्यालय इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. मांगलिया इन्दौर, |
| **<u>पत्राचार हेतु पताः-</u>** | : मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या चॉदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर पिन कोड़ - 453771 |

| | |
|---|---|
| **<u>ANNEXURE I</u>** | : नियम एवं शर्तें |
| **<u>ANNEXURE II</u>** | : फार्म - A |
| **<u>ANNEXURE III</u>** | : भाव पत्र |

*मुख्य कार्यपालन अधिकारी*

**Annexure II**

निविदा प्रपत्र विक्रय मुल्य 500/–

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,इन्दौर

## –::– यात्री बस परिवहन हेतु ई–निविदा पत्र –::–

## फार्म–A

निविदाकार का पासपोर्ट साईज का फोटो

प्रति,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
इन्दौर (म.प्र.)

**विषय** :– पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण हेतु यात्री बस की दरें प्रति किमी. प्रस्तुत करने बाबद।

**महोदय,**

**"समाचार पत्र"** में प्रकाशित ई–निविदा सूचना अनुसार पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण कार्यकम हेतु वांछित यात्री बस परिहवन हेतु ई–निविदा में बिड प्रस्तुत कर रहा हूँ। मुझे संघ की समस्त शर्ते मान्य है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

1. बस ठेकेदार/फर्म का नाम ................................................................पिता का नाम ..................................................
2. वारिस का नाम ........................................................................... उम्र ............वर्ष,............ सम्बन्ध ...............................
3. पूरा पता ..........................................................................................................................................................
   ..........................................................................................................................................................
4. दूरभाष नम्बर .................................................... मोबाईल नम्बर ........................................................................
5. निविदा धरोहर राशि रू. 10,000/- (रू.दस हजार मात्र) MP Tenders को ऑन–लाईन जमा कर रेफरेंस नम्बर ........ .............................................. अंकित है।
6. पान (PAN)नम्बर .............................................
7. वाहनों का विवरण :–

| क्र. | वाहन सीट क्षमता | मॉडल वर्ष | वाहन पंजीयन क्र. |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

**महत्वपूर्ण सूचना**:– फार्म A को पूर्ण रूप से भरकर MP Tenders में जमा राशि का रेफरेंस नम्बर, वाहन रजिस्ट्रेशन, वाहन बीमा एवं फिटनेश प्रमाण पत्र की छायाप्रति ऑनलाईन ई–निविदा में जमा करें, अन्यथा प्रस्तुत ई–निविदा मान्य नही होगी। निविदाकार के नाम से वाहन पंजीकृत नही होने पर निविदा निरस्त की जावेगी।

हस्ताक्षर
निविदाकार/वाहन ठेकेदार

***Annexure - I***

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

## बस ई-निविदा में बिड प्रस्तुत करने हेतु नियम एवं शर्तें

**1 – कृषक भ्रमण हेतु :**

(1) भ्रमण हेतु बस प्रचालन इन्दौर/महू/देपालपुर/सांवेर/देवास/सोनकच्छ/कन्नौद/चापड़ा/बड़वाह/खरगौन/धार/फूलगावड़ी/झाबुआ/पेटलावद/बड़वानी/सेन्धवा/खण्डवा/बुरहानपुर/अलीराजपुर से प्रारम्भ होकर प्रस्थान स्थल पर ही समाप्त होगी।

(2) बस 32 सीट से 52 सीट क्षमता (पुश बेक सीट हेण्डल रेस्ट सहित) लक्जरी होगी एवं T.V./L.C.D. वीडियो सहित चालू अवस्था में होना आवश्यक है।

(3) भ्रमण कार्यक्रम लगभग 10 दिवसीय होगा।

(4) भ्रमण अन्तर्गत गुजरात राज्य के डाकोर जी, पावागढ़, मेहसाणा, पालनपुर, अम्बा जी, बहुचरा माताजी, चोटिला चौपाटी, द्वारका जी, भेंट द्वारका, नागेश्वर, पोरबंदर, सोमनाथ, गिर जंगल, तुलसी श्याम, जूनागढ़, गॉधीनगर, आदि स्थान सम्मिलित रहेगें।

(5) भ्रमण की प्रतिट्रीप अनुमानित दूरी 2500 किलो मीटर अथवा कम/अधिक संभावित हो सकती है।

(6) बस अच्छी कण्डीशन में होना आवश्यक है एवं बस का मॉडल वर्ष 2020 अथवा उसके पश्चात का होना चाहिए, एवं परिवहन दर स्वीकृत करने का मापदण्ड मात्र न्यूनतम दर न होकर बस का मॉडल एवं कण्डीशन होगा। समिति द्वारा प्रस्तुत परिवहन दर स्वीकृत करने के पूर्व बस का भौतिक सत्यापन किया जावेगा, तद्नुसार परिवहन दर स्वीकृत की जावेगी। इसमें न्यूनतम परिवहन दर का बंधन नहीं होगा।

(7) यात्रा के दौरान सभी वैधानिक प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। यात्रा के दौरान पुलिस/R.T.O. या अन्य किसी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा वाहन रोकने की दशा में समस्त जिम्मेदारी निविदाकार बस मालिक की होगी।

(8) बस मालिक द्वारा लायसेंसी एवं प्रशिक्षित ड्रायवर एवं क्लीनर नियुक्त करना होगें, जिनका व्यवहार उत्तम होना अनिवार्य है।

(9) ई–निविदा की वित्तीय बिड में प्रस्तुत परिवहन दर प्रति **किमी. समस्त टेक्स (जीएसटी/टोल/गुजरात राज्य परमिट इत्यादि) एवं अन्य व्यय सहित दर्शायी जावे। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान दुग्ध संघ द्वारा पृथक से नहीं किया जावेगा।**

(10) यात्रा की अवधि में बस के साथ दुग्ध संघ के एक या दो अधिकारी रहेगें, जिनके निर्देशन में बस का संचालन किया जाना अनिवार्य होगा।

(11) पशुपालन प्रबधंन प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम अक्टूबर **2025 से** किया जाना सम्भावित है। कृषक भ्रमण ट्रिप संख्या लगभग 20 या उससे अधिक भी हो सकती है।

(12) बस निर्धारित दिनांक एवं समय पर जहॉ अवगत कराया जावें, वहॉ से प्रारम्भ होकर उसी स्थान पर समाप्त होगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर बस नहीं पहुॅचने की स्थिति में जमा अग्रिम/बयाना राशि राजसात कर ली जावेगी।

(13) वाहन का मायलोमीटर यात्रा के दौरान चालू हालत में रहना चाहिये। यात्रा प्रारम्भ एवं समाप्ति पर संघ के टीम लीडर द्वारा मायलोमीटर की रीडिंग ली जावेगी एवं उसी अनुरूप देयक तैयार किये जावेगें।

(14) यात्रा समाप्ति पर देयक 2 प्रतियों में टीम लीडर के सत्यापन सहित प्रस्तुत किये जाने पर नियमानुसार शासकीय टैक्स का कटौत्रा किया जाकर शेष राशि का भुगतान देयक प्राप्ति से 30 दिवस में किया जावेगा।

(15) किसी भी प्रकार के मतभेद/विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ का निर्णय अन्तिम मान्य होगा।

(16) ई–निविदा के साथ निविदा धरोहर राशि रू. 10,000/- (रू.दस हजार मात्र) MP Tenders को ऑन–लाईन जमा कर रेफरेंस नम्बर देना अनिवार्य होगा।

(17) ई–निविदा के साथ ऑनलाईन वाहन के पंजीयन, बीमा पॉलिसी, फिटनेस प्रमाण पत्र तथा पेनकार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करना अनिवार्य है।

(18) **"ई–निविदा की वित्तीय बिड में प्राप्त न्यूनतम परिवहन दर के आधार पर यदि अन्य निविदाकार भी वाहन चलाने के इच्छुक हो, उन्हें भी कार्य आवंटन किया जा सकेगा, जिसका पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा"।**

**दिनांक :** ......................

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर
## चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर

***ANNEXURE III***

## –: यात्री बस हेतु भाव पत्र :–

निविदा प्रपत्र विक्रय मूल्य रू. 500/–

निविदाकार का नाम :– ............................................................................

| **संघ कार्यक्षेत्र के स्थल जहॉं से यात्रा प्रारंभ एवं समाप्त की जाना संभावित है।** | **वाहन का प्रकार एवं मॉडल** | **अनुमानित 2500 कि.मी. प्रतिट्रिप (लगभग 20 ट्रिप) के लिये प्रति किमी. परिवहन दर रूपये समस्त टेक्स/राज्य टेक्स/GST/ टोल सहित** |
|---|---|---|
| इन्दौर सह.दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर के कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों से किसानों को गुजरात राज्य का दस दिवसीय भ्रमण करवाकर पुनः उसी स्थान पर छोडना। | यात्री बस कम से कम 32 सीटर से 52 सीटर (पुश बेक सीट एवं हेण्डल रेस्ट सहित तथा T.V./L.C.D. वीडियो चालू स्थिति में) लक्जरी बस वर्ष 2020 अथवा उसके पश्चात का मॉडल | |

*निविदाकार/वाहन ठेकेदार के हस्ताक्षर*